भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशु रोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान (निवेदी)
ICAR- National Institute of Veterinary Epidemiology and Disease Informatics (NIVEDI)

राष्ट्र की सेवा में उभरता हुआ संस्थान

निवेदी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत पशु महामारी पर अनुसंधान करने वाला संस्थान है।
अपनी स्थापना काल से ही संस्थान ने पशु-रोग जानपदिक और निदान तकनीकी विकसित करके कीर्तिमान स्थापित किए है।

संस्थान द्वारा विकसित कुछ तकनीकीयां

राष्ट्रीय पशु रोग विशेषज्ञ रेफरल प्रणाली (NADRES)

- जिले स्तर पशुधन में होने वाले पंद्रह प्रमुख रोगो की दो महीने पहले भविष्यवाणी करने वाला महामारी विज्ञान सॉफ्टवेयर
- पशु चिकित्सकों, प्रशासकों, टेक्नोक्रेट, अनुसंधान कर्मियों, किसानों, पशु चिकित्सा कॉलेजों और छात्रों के लिए उपयोगी
- यह www.nadres.res.in वेबसाईट पर उपलब्ध है



इंडिया.एडमास ईपिट्रेक (india.admasEpitrak)

- इस सॉफ्टवेयर का उपयोग सभी प्रमुख पशु रोग की महामारी के विश्लेषण के लिए किया जा सकता है।
- पशु रोग नियंत्रण में इसके महत्त्व को ध्यान में रखकर भारतीय पशु चिकित्सा परिषद ने इसे पशु चिकित्सा के स्नातक छात्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

ई-बुलेटिन EpiNET.India

इसके माध्यम से हर माह राज्य सरकार के पशु विभाग को महामारी रोग फैलने और निगरानी तथा नियंत्रण की दिशा-निर्देश जारी किया जाता है।

राष्ट्रीय पशुधन सीरम भंडार

निवेदी ने पूरे देश मे एआईसीआरपी केन्द्रों से प्राप्त होने वाले पशुसीरम के आसान भंडारण, पुनः प्राप्ति और वैज्ञानिक डेटा के विश्लेषण के लिए एमएस एक्सेस आधारित सॉफ्टवेयर को विकसित किया है।

संस्थान में ऐसे पशुधन सीरम नमूनों के भंडारण करने की व्यवस्था है।

संस्थान में आधुनिक उपकरणों से सज्जित जैव सुरक्षा प्रयोगशाला कार्यरत है। अपने आप में यह एक अनूठी सुविधा है जिसमें अधिकतर पशुरोगों के कारक जीवाणुओं और विषाणुओं पर सुरक्षित तरीके से शोध कार्य किया जा सकता है।

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch

आईबीआर के लिए एवीडीन बायोटिन अप्रत्यक्ष एलिसा किट

संक्रामक गोजातीय राइनोट्रेकीयायटीस (आईबीआर) गाय और भैंस का संक्रामक रोग है इस रोग के निदान के लिए संस्थान ने अत्यधिक संवेदनशील एवीडीन बायोटिन अप्रत्यक्ष एलिसा किट को विकसित किया है।

यह किट तय मूल्य पर विक्री के लिए पशु रोग निदान प्रयोगशालों और शोध के लिए संस्थान में उपलब्ध है।

लेप्टोस्पाइरा अभिरंजन किट

लेप्टोस्पाइरा एक घातक जीवाणु है जिससे पशुओं में बाँझपन, उत्पादकता मे कमी और गर्भपात जैसे लक्षण दिखाई देते है। यह मनुष्यों को भी प्रभावित कर सकता है

संस्थान ने लेप्टोस्पाइरा अभिरंजन किट को विकसित किया है जिससे नमूनों में इस जीवाणु को अभिरंजीत करके सूक्ष्मदर्शी से देखा जा सकता है। एक किट में 100 स्लाइड धुंलने करने की क्षमता है। यह किट तय मूल्य पर विक्री के लिए पशु रोग निदान प्रयोगशालों और शोध के लिए संस्थान में उपलब्ध है।

भेड़ और बकरियों मे ब्रूसेलोसिस के लिए अप्रत्यक्ष एलिसा किट

ब्रूसेलोसिस भेड़ और बकरियों का एक महत्वपूर्ण प्रजनन रोग है

संस्थान मे विकसित यह एलिसा किट देश भर में छोटे जुगाली करनेवाला पशुओं मे ब्रूसेलोसिस की सीरो स्क्रीनिंग के लिए उपयोगी है। इस तकनीकी को पेटेंट भी प्रदान किया गया है (तिथि: 20/01/2012, Patent No. 250709).

यह किट तय मूल्य पर विक्री के लिए पशु रोग निदान प्रयोगशालों और शोध के लिए संस्थान में उपलब्ध है।

पशुओं और मनुष्यों में ब्रूसेलोसिस के निदान के लिए प्रोटीन-जी एलिसा किट

विभिन्न पशुओं और मनुष्यों मे ब्रूसेलोसिस रोग का पता लगाने के लिए अलग अलग परीक्षण किट बाजार में उपलब्ध है।

संस्थान द्वारा विकसित यह एक ही किट गाय भैंस, बकरी, भेड़, ऊंट और मनुष्यों में इस रोग के संक्रमण को पता लगाने में सक्षम हैं।

यह किट तय मूल्य पर विक्री के लिए पशु रोग निदान प्रयोगशालों और शोध के लिए संस्थान में उपलब्ध है।

पशुओं में ब्रूसेलोसिस के निदान के लिए पार्श्व प्रवाह परख (LFA)

निवेदी द्वारा यह किट पशुओं मे ब्रूसेलोसिस का पता लगाने के लिए विकसित किया गया है।

इसका इस्तेमाल बहुत ही आसान है। इसमें जांच के लिए पशु रक्त या सीरम का उपयोग होता है तथा किट मे बने पट्टी पर रंग परिवर्तन को देख कर निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

पशु चिकित्सकों के उपयोग के लिए यह काफी सुविधाजनक है।



संस्थान ने देश मे पहली बार बकरी से प्राप्त ब्रूसिला मेलिटेंसीसी एडमास-G1 का पूरे जीनोम अनुक्रमण के कार्य को पूरा किया।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशुरोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान
ICAR- National Institute of Veterinary Epidemiology and Disease Informatics
पोस्ट बॉक्स 6450, यलहंका, बेंगलुरु 560064, कर्नाटक
फोन: 080-23093110, 23093111 फैक्स: 080- 23093222, वेबसाईट: www.nivedi.res.in, ईमेल: director.nivedi@icar.gov.in